Prabodhan Education Society's
Vidya Prabodhini College of Commerce, Education Computer and Management
Parvari Goa

F.Y.B.A.B.ED SEMESTER END ASSESSMENT JANUARY 2022

COURSE TITLE & PAPER: (काव्य, कथा-साहित्य, व्याकरण एवं रचना) HNE-01

Semester: I **Duration:** 2 Hours **Max Marks: 70**

सूचनाएँ:

- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
- प्रत्येक मुख्य प्रश्नों का उत्तर नए पन्ने पर ही शुरू करें।
- प्रश्न क्रमांक और उप-प्रश्न क्रमांक स्पष्ट रूप से लिखिए।
- दायी ओर दर्शाएँ हुए अंक प्रश्न के गुण दर्शाति हैं।

प्र.1.अ. निम्नलिखित **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 100 शब्दों में लिखिए। (2x5=10)

1. 'ठाकुर का कुआँ' कहानी में व्यक्त औरतों की स्थिति पर प्रकाश डालिए।
2. अँग्रेज डॉक्टर ने बादशाह सलामत से क्या माँगा?
3. 'मरने से पहले' कहानी में 73 साल का बूढ़ा आदमी जमीन मिलने पर क्या करने के स्वप्न देखता है?
4. बिरजू की माँ के अनुसार गाँव की औरतें उससे क्यों जलतीं थीं?

आ. निम्नलिखित वाक्य शुद्ध करके लिखिए। (05)

1. कानन में हरियाली फैल रहा थी।
2. मैदान में जगह-जगह घास प्रकट हो गया।
3. शकलदीप बाबू गुस्सा ठंडा नहीं हुआ।
4. अर्चना का माँ ने हँसकर जवाब दिया।
5. धीरे-धीरे सपने पूरा हो जाएँगे।

प्र.2.अ) निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** के उत्तर लगभग 200 शब्दों में लिखिए। (5x2=10)

1. कबीरदास अपने दोहों के माध्यम से समाज को क्या संदेश देते हैं? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।
2. सूरदास अपने पद में निर्गुण ब्रह्म के प्रति अपनी असमर्थता को कैसे व्यक्त करते हैं?

Scanned with CamScanner

3. 'मोह' कविता में कवि ने प्रकृति के प्रति अपने लगाव को कैसे व्यक्त किया है? स्पष्ट कीजिए।

4. कवि निराला बादलों से क्या कह रहे हैं?

प्र.2.अ) निम्नलिखित अलंकारों में से **किन्हीं दो** की सोदाहरण परिभाषा लिखिए। (05)

1. अनुप्रास   2. श्लेष   3. यमक

प्र.3.अ) निम्नलिखित अवतरणों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए। (05)

1. " चम्पिया, डाल दे चूल्हे में पानी! बप्पा आवे तो कहना कि अपने उड़नजहाज़ पर चढ़कर नाच देख आयें!"

अथवा

2. "धर्म, विश्वास क्या संस्कार कहो! देख लो, खच्चर ने स्थिति समझकर आत्मरक्षा कर ली और संस्कारों से बंधा मनुष्य स्थिति अनुकूल आचरण नहीं कर सका।"

आ. हरि-हारे जीते श्रीदामा बरबस ही कत करत रिसैया।। (05)

जाति-पाति हम ते बड़ नाहिं, नाहीं बसत तुम्हारी छैयाँ।

अति अधिकार जनावत यातैं, जातैं अधिक तुम्हारी गैया।।

रुहठि करै तासौं को खेलै, रहे बैठि जहँ-तहँ सब ग्वैयाँ।

अथवा

झोली से पुए निकाल लिए,

बढ़ते कपियों के हाथ दिए।

देखा भी नहीं उधर फिर कर

जिस ओर रहा वह भिक्षु इतर।

प्र.4) निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लगभग 400 शब्दों में लिखिए। (10)

1. 'अपराधी' कहानी में कामिनी एक उपेक्षित स्त्री बनकर रह जाती है। पठित कहानी के आधार पर प्रस्तुत कथन की विवेचना कीजिए।

अथवा

Scanned with CamScanner

प्र.4.) टिप्पणियाँ लिखिए। (5+5=10)

1. 'ठाकुर का कुआँ' कहानी की गंगी।
2. 'मुगलों ने सल्तनत बख्श दी' कहानी में हीरो की दिनचर्या।

प्र.5.) निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लगभग 400 शब्दों में लिखिए। (10)

1. 'जागो फ़िर एक बार' कविता में कवि लोगों को किस तरह जागृत कर रहे हैं? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

अथवा

प्र.5) टिप्पणियाँ लिखिए। (5+5=10)

1. 'दो लड़के' कविता में व्यक्त सामाजिक असमानता।
2. 'वह तोड़ती पत्थर' में शोषित वर्ग।

प्र.6) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर निबंध लिखिए। (10)

1. देश में कोरोना महामारी का प्रकोप।
2. मेरी महत्वकांक्षाएँ।
3. मेरा प्रिय त्यौहार।
4. ग़रीबी का शिक्षा पर प्रभाव।

0-0-0

Scanned with CamScanner